भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2382
गुरूवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन के संवर्धन हेतु योजनाएँ

2382 डा. सुमेर सिंह सोलंकी:
श्री मिथलेश कुमारः
श्री बृज लालः
श्रीमती सीमा द्विवेदी:
श्री नारायण कोरागप्पाः
श्री मस्तान राव यादव बीडाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या, विशेष रूप से स्थानीय समुदायों, महिलाओं तथा जनजातीय समूहों पर दिए गए विशेष ध्यान सहित सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण योजना (सीबीएसपी) के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) "पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी" पहलों के कार्यान्वयन, सेवा प्रदाताओं के प्रमाणन तथा सुविधाओं से वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं को लक्षित 'हुनर से रोज़गार तक' की पहलों के परिणाम का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय ने आतिथ्य संस्थानों के साथ साझेदारी स्थापित की है और रोजगार सृजन की दरों का आकलन किया है तथा अतिरिक्त पर्यटन स्थलों तक इसके कवरेज के विस्तार का विचार रखता है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी)" नामक अपनी योजना के तहत देश भर में महिलाओं एवं पुरुषों, स्थानीय समुदायों, जनजातीय क्षेत्रों, वंचित समुदाय से आने वाले युवाओं आदि की श्रेणी वाले प्रशिक्षुओं के कौशल, कौशल उन्नयन और पुनः कौशल के लिए आतिथ्य एवं पर्यटन से संबंधित अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रमाणन

पाठ्यक्रम संचालित करता है। इस योजना के तहत "हुनर से रोजगार तक" सहित विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। यह योजना देश भर में भारतीय होटल प्रबंधन संस्थान, खाद्य शिल्प संस्थान, भारतीय पाक कला संस्थान आदि सहित अन्य सरकारी संस्थानों और सूचीबद्ध निजी संस्थानों के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2025 में भारतीय गुणवत्ता परिषद के माध्यम से इस योजना का एक तृतीय-पक्ष मूल्यांकन कराया है। मूल्यांकन से इस बात की पुष्टि होती है कि सीबीएसपी योजना ने वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक 1.68 लाख से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षित करके और कई क्षेत्रों में 36,000 से अधिक लोगों को कार्य का अवसर देकर भारत के पर्यटन और आतिथ्य कार्यबल को काफी मजबूत किया है।

पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2024 के दौरान पर्यटन मित्र/पर्यटन दीदी के नाम से एक राष्ट्रीय उत्तरदायी पर्यटन पहल शुरू की। इसके तहत स्थानीय सेवा प्रदाताओं, जैसे - कैब चालकों, ऑटो चालकों, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, बस स्टेशनों के कर्मचारियों, होटल के कर्मचारियों, रेस्तरां के कर्मचारियों, होमस्टे मालिकों, टूर गाइड, पुलिस कर्मियों, फुटपाथ पर सामान बेचने वालों, दुकानदारों, छात्रों आदि सहित महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को प्रशिक्षण दिया जाता है। यह प्रशिक्षण मूल रूप से पर्यटन के महत्व, सामान्य स्वच्छता, सुरक्षा, स्थायित्व और पर्यटकों को आतिथ्य और देखभाल के उच्चतम मानक प्रदान करने के बारे में भी जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित है। इस पहल के तहत लगभग 4382 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है।

पाठ्यक्रम का विस्तार/संशोधन करके, समग्र पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उद्योग की आवश्यकता के अनुसार पर्यटन स्थलों को जोड़कर और स्थानीय समुदायों के विकास को सतत बनाए रखने के लिए सीबीएसपी योजना के कवरेज को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले 3 वर्षों के दौरान सीबीएसपी योजना के तहत वित्त पोषण पैटर्न, आयोजित प्रशिक्षणों और प्रशिक्षुओं के विवरण को दर्शाने से संबंधित ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, आतिथ्य, सेवा और देखभाल के उच्चतम मानक वाले पेशेवर तैयार करने के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, 21 केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों और 8 प्रमुख आतिथ्य समूहों के बीच पूर्व में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। इन समूहों में इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड, आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, मैरियट होटल्स, ललित होटल समूह, आईटीडीसी होटल समूह, लेमन ट्री होटल्स, एपीजे सुरेंदर पार्क होटल्स और रैडिसन होटल समूह शामिल थे।

*****

अनुबंध

डा. सुमेर सिंह सोलंकी, श्री मिथलेश कुमार, श्री बृज लाल, श्रीमती सीमा द्विवेदी, श्री नारायण कोरागप्पा और श्री मस्तान राव यादव बीडा द्वारा पर्यटन के संवर्धन हेतु योजनाएँ के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2382 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

वित्तीय वर्ष 2023-24 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक (28 फरवरी 2026 तक) सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के तहत प्रशिक्षित और नियुक्त प्रशिक्षुओं का विवरण।

वित्तीय वर्ष	वार्षिक बजट (ब.अ) (करोड़ रु. में)	प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या	नियुक्त व्यक्तियों की संख्या
2023-24	35.00	24153	4584
2024-25	34.05	89801	25158*
2025-26	25.00	570*	17*

* अनंतिम

स्रोत: पर्यटन मंत्रालय

****